भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †2336
सोमवार, 18 दिसम्बर, 2023/27 अग्रहायण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

चिकित्सा पर्यटन हबों का विकास

†2336. डॉ. डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस.:
डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे:
श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले:
श्री कुलदीप राय शर्मा:
श्रीमती मंजुलता मंडल:
डॉ. सुभाष रामराव भामरे:
श्री सी.एन. अन्नादुरई:
क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

**(क)** विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान भारत, विशेषकर तमिलनाडु में आने वाले चिकित्सा पर्यटकों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

**(ख)** विगत पांच वर्षों के दौरान भारत में उपचार के लिए आने वाले विदेशी पर्यटकों के कारण राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कुल कितना राजस्व अर्जित हुआ है;

**(ग)** क्या सरकार देश के छोटे/टियर-2 शहरों में चिकित्सा पर्यटन हब का विकास करने के लिए कोई कदम उठा रही है;

**(घ)** यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

**(ङ)** क्या चिकित्सा पर्यटन के संबंध में निजी चिकित्सा क्षेत्र के विनियमन के लिए कोई नीति मौजूद है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

**(च)** विगत तीन वर्षों के दौरान विपणन विकास सहायता योजना के अंतर्गत पर्यटक संपूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और चिकित्सा पर्यटक सेवा प्रदाताओं को प्रदान की गई वितीय सहायता का ब्यौरा क्या है; और

**(छ)** क्या सरकार की चिकित्सा पर्यटन क्षेत्र का विस्तार करने के लिए एक समर्पित चिकित्सा पर्यटन नीति शुरू करने की कोई योजना है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): पर्यटन मंत्रालय द्वारा राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीए) के प्रयोजन-वार आंकड़े तैयार नहीं किए जाते हैं । तथापि, पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान भारत आने वाले चिकित्सा पर्यटकों की संख्या का ब्यौरा नीचे दिया गया है-

| वर्ष | चिकित्सा पर्यटक (लाख में) |
|---|---|
| **2020** | **1.83** |

| | |
|---|---|
| **2021** | **3.04** |
| **2022** | **4.75** |
| **2023*** (जनवरी-अक्तूबर) | **5.04** |

*अनंतिम

स्रोतः अप्रवासन ब्यूरो

(ख): पर्यटन मंत्रालय चिकित्सा पर्यटन से अर्जित राजस्व के आंकड़े तैयार नहीं करता है ।

(ग) और (घ): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, भारत सरकार ने अवसंरचना को बढ़ावा देने के लिए **14.8** बिलियन डॉलर के ऋणों की घोषणा की है और कोविड-**19** की स्थिति से प्रभावित पर्यटन उद्योग में कार्यरत कंपनियों के लिए अपना व्यवसाय पुनः आरंभ करने हेतु कार्यशील पूंजी अथवा व्यक्तिगत ऋणों की घोषणा की है । सभी प्रमुख कंपनियां और अस्पताल अब अत्याधुनिक अस्पतालों के निर्माण पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं । अपोलो अस्पताल, मैक्स अस्पताल, एशियन अस्पताल, शैल्बी अस्पताल, फोर्टिस अस्पताल, मणिपाल ग्रुप कुछ ऐसे ही नाम हैं, जिन्होंने टियर-**2** और टियर-**3** शहरों में निवेश किया है । डेंटल इंप्लांट, कॉस्मेटिक सर्जरी जैसी विशेष प्रक्रियाएं, जिन्हें समय और दूरी के कारण स्थगित कर दिया जाता है, अब इन टियर -II और टियर -III शहरों में यह एक सामान्य चलन हो गया है ।

(ङ): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा दी गई सूचना के अनुसार नेशनल एकक्रेडिटेशन बोर्ड फार हॉस्पिटल एण्ड हेल्थकेयर प्रोवाइडर (एनएबीएच) स्वास्थ्य सेवा संगठनों को मान्यता प्रदान करता है ।

इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर क्वालिटी इन हेल्थकेयर (आईएसक्यूए) ने एनएबीएच को एक संगठन के रूप में मान्यता दी है । एनएबीएच द्वारा प्रमाणित अस्पतालों को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त है । इससे देश में चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा मिलता है ।

एनएबीएच द्वारा मेडिकल वेल्यू ट्रेवल फेसिलिटेटर एमवीटी फेसिलेटेटर को भी मान्यता प्रदान की जाती है, जो चिकित्सा पर्यटन क्षेत्र में काफी हद तक अनियंत्रित खंड है ।

(च): पर्यटन मंत्रालय ने बाजार विकास सहायता योजना (एमडीए) के दायरे और पहुंच को बढ़ाने के लिए नवंबर, **2020** में घरेलू पर्यटन के संवर्धन हेतु इस योजना के दिशानिर्देशों में संशोधन किया है ताकि चिकित्सा पर्यटक सेवा प्रदाताओं सहित हितधारकों को अधिकतम लाभ प्रदान किया जा सके ।

घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बाजार विकास सहायता (एमडीए) के तहत प्रदान की गई वित्तीय सहायता का विवरण निम्नानुसार है:

| क्र. सं. | वर्ष | निर्मुक्त राशि (रु. में) |
|---|---|---|
| **1** | **2021-22** | **6,86,237** |
| **2** | **2022-23** | **7,06,668** |

| | | |
|---|---|---|
| **3** | **2023-24 (14.12.2023 तक)** | **6,44,213** |
| | कुल | **20,37,118** |

**(छ):** देश में चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पर्यटन मंत्रालय ने चिकित्सा और निरोगता पर्यटन संबंधी राष्ट्रीय कार्यनीति और रोडमैप तैयार किया है ।

*****